



# गिनो मगर समूह में

0220CH02

## देखो और संख्या का अंदाज़ा लगाओ।








not to be republished © NCERT

✸ देखो, किस तरह अलग-अलग चीज़ें **समूह** में रखी हैं। बिना हर चीज़ को गिने इनकी संख्या का अंदाज़ा लगाओ।



______ **गिलास**




______ **चूड़ियाँ**



______ **कान की बालियों की जोड़ियाँ**

यहाँ तीन समूहों में चम्मच रखे गए हैं।



✸ हर समूह में कितने चम्मच हैं? ______

✸ अंदाज़ा लगाओ चम्मचों की कुल संख्या कितनी होगी? ______

अपने चारों ओर की वस्तुओं की संख्या का अंदाज़ा लगाने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। गतिविधि का उद्देश्य बच्चों को समूह में रखी वस्तुओं को देखकर उनको गिनने के तरीकों से परिचित कराना है।



2022-23

© NCERT not to be republished

## कम या ज़्यादा, लगाओ अंदाज़ा

सही उत्तर में गोला लगाओ –

- तुम्हारे मुँह में दाँतों की संख्या — 40 से अधिक / 40 से कम



- एक संतरे में बीजों की संख्या — 50 से अधिक / 50 से कम




- माचिस की डिबिया में तीलियों की संख्या — 30 से अधिक / 30 से कम



- तुम्हारी कक्षा में पेंसिलों की संख्या — 45 से अधिक / 45 से कम



- साइकिल के पहिए में तीलियों की संख्या — 20 से अधिक / 20 से कम



© NCERT not to be republished

## कूदते रहो – गिरना मना है



- तुम बिना गिरे अपने दाएँ पैर से लगातार कितनी बार कूद सकते हो? ________
- तुम बिना गिरे अपने बाएँ पैर से लगातार कितनी बार कूद सकते हो? ________

## बिंदु जोड़ो

जोजो भूखा है। 21 से 52 तक के बिंदुओं को क्रम में जोड़ो और पता करो कि इन बिंदुओं में उसके खाने के लिए क्या छिपा है।






## शरारती भूरू

भूरू ने इस पुस्तक के कुछ पन्नों को फाड़ दिया है।




पन्नों पर संख्याओं को उनके सही क्रम में लिखो –




## उलझ न जाए पूँछ

चिपकू चूहे की खूब लंबी पूँछ है।

जब वह सो रहा था तब शरारती बिल्ली ने उसकी पूँछ को खंबों से बाँधने की सोची।

उसने सबसे बड़ी संख्या वाले खंबे से शुरू किया। एक-एक कर वह छोटी संख्या वाले खंबों से पूँछ को बाँधती चली गई।

पूँछ बाँधने में उसकी मदद करो। लेकिन ध्यान रखना कि कहीं भी पूँछ का कोई हिस्सा दूसरे हिस्से को न तो छुए न पार करे।







© NCERT not to be republished

# खूब बड़ी गाजर





एक बुढ़िया ने बोया दाना
गाजर का था पौध लगाना
गाजर हाथोंहाथ बढ़ी
खूब बढ़ी भई खूब बढ़ी

बूढ़े ने बुढ़िया से बोला
मैं लेकर जाता हूँ झोला
बहुत समय बीता है हाय!
गाजर के हलवे को खाए

बुढ़िया बोली बाग में जाओ
उगी हुई गाजर ले आओ
बूढ़ा जल्दी बाग में आया
गाजर पकड़ी ज़ोर लगाया

हाय हाय कर बूढ़ा हाँफत
बची न बूढ़े में कुछ ताकत
नहीं बना भई नहीं बना
काम हमारा नहीं बना
और बुलाओ एक जना

बूढ़ा बुढ़िया को ले आया
दोनों ने मिल ज़ोर लगाया
हिल न पाई ज़रा भी गाजर
हाथों में था दर्द समाया

नहीं बना भई नहीं बना
काम हमारा नहीं बना
और बुलाओ एक जना



© NCERT not to be republished

बुढ़िया ने पोती को बुलाया
तीनों ने मिल ज़ोर लगाया
फिर भी हिल न पाई गाजर
दु:ख से सबने मुँह लटकाया

नहीं बना भई नहीं बना
काम हमारा नहीं बना
और बुलाओ एक जना

पूसी की सुन चूँचूँ आया
सबने मिलकर ज़ोर लगाया
ताकत ने सबकी काम किया
गाजर को जड़ से पाड़ दिया

बन गया भई बन गया
काम हमारा बन गया
अब नहीं चाहिए कोई नया



पोती का शेरू भी आया
चारों ने मिल ज़ोर लगाया
किस्मत थी उनकी न अच्छी
गाजर कोई पाड़ न पाया

नहीं बना भई नहीं बना
काम हमारा नहीं बना
और बुलाओ एक जना

शेरू पूसी को ले आया
फिर पाँचों ने ज़ोर लगाया
कुछ-कुछ हिलने लगी वो गाजर
फिर भी थी कुछ कसर बकाया

नहीं बना भई नहीं बना
काम हमारा नहीं बना
और बुलाओ एक जना

लेकर गाजर गए रसोई
सबने मिलकर गाजर धोई
काट-छाँटकर उसे पकाया
गाजर का हलवा बनवाया

उड़ी हर तरफ़ खुशबू उसकी
मन जिससे सबका ललचाया




बूढ़ा, बुढ़िया,
पोती, शेरू,
पूसी, चूँचूँ ने
मिल खाया।

## चित्र देखो और लिखो –

- कितने लोग गाजर उखाड़ रहे हैं?
- सबसे पहले गाजर खींचने वाला कौन था?
- बिल्ली इस लाइन में ________ स्थान पर है।



- चौथे स्थान पर गाजर उखाड़ने वाला कौन था? ________
- बिल्ली के आने से पहले कितने लोग गाजर उखाड़ रहे थे?
- इस लाइन में जो तीसरे नम्बर पर है उसके सिर पर टोपी लगाओ।
- इस लाइन में छठे वाले की मूँछ बनाओ।

क्रमसूचक संख्याओं का प्रयोग करते हुए शिक्षक अभ्यास के लिए गतिविधियाँ बना सकते हैं। उदाहरण के लिए छह छात्रों को एक पंक्ति में खड़ा करें। उन्हें एक नियत स्थान यथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय आदि किसी संदर्भ में दें। उन्हें कुछ मज़ेदार कार्य करने को दें जैसे – तीसरा बच्चा अपने सहयोगी को गुदगुदी करे, दूसरा बच्चा अपनी नाक पकड़े आदि। इस गतिविधि पर कार्य करते समय पत्तियों, जड़ों पर भी चर्चा करें।



© NCERT not to be republished
2022-23

## सीमा का सैंकड़ा

सीमा ने अलग–अलग तरह की बिंदियों से एक डिज़ाइन बनाया है।



- अलग–अलग समूहों को ध्यान से देखो और बिंदियों की कुल संख्या का अंदाज़ा लगाओ।
- कुछ और समूहों के चित्र बनाओ ताकि 100 बिंदियाँ पूरी हो जाएँ। तुम्हें कितनी और बिंदियाँ बनानी पड़ीं?